तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 13 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4
होटल रेस्टोरेंट में शुरू हुई जांच
91 खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल



## खबर संक्षेप

### गुलाब, गेंदा, पलाश, पालक, चुकंदर से बना रहीं हर्बल गुलाल महिलाएं

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा हर्बल गुलाल तैयार कर उसे कलेक्टोरेट व जिला पंचायत सहित ग्राम पंचायतो व जनपद पंचायतो में स्टॉल में लगाया जा रहा है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में लगाये गये स्टॉल में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से हर्बल गुलाल खरीदी कर नागरिकों से अपील की है कि स्व-सहायता समूहों के द्वारा तैयार हर्बल गुलाल खरीदकर महिला समूहों का मनोबल बढ़ाएं। इसी प्रकार जनपद पंचायत अकलतरा में लगाये गये स्टॉल में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी ने स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये हर्बल गुलाल खरीदा। इसके साथ विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने भी गुलाल खरीदकर समूहों का उत्साह बढ़ाया।
जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने बताया कि जिले में स्व सहायता समूहों द्वारा हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा। यह गुलाल समूह की महिलाओं द्वारा गुलाब, गेंदा, चांदनी, रातरानी के फूल, टेशू के फूल सहित त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाने वाली पत्तियों सहित पालक, लाल भाजी का उपयोग करते हुए तैयार की जा रही है।
जिसे स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ग्राम के हाट बाजार से लेकर कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जनपद पंचायत में स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल की बिक्री की जा रही है। इन गुलालों में गेंदा फूल, गुलाब फूल, पलाश के फूल, पालक, चुकंदर, लाल भाजी आदि का उपयोग किया गया है।

### जिले के 55 फिक्स पाइंटों पर टीम रहेगी मुस्तैद, करेंगे पेट्रोलिंग भी

# होलिका दहन आज, हुड़दंग रोकने चीता व बाज पार्टी रहेगी तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होली पर्व पर हुडदंग रोकने के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने इस बार चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती होगी। विशेष रूप से चिन्हिंत 55 फिक्स पाइंट पर जहां पुलिस टीम मुस्तैद रहेगी, तो वहीं चीता व बाज टीम की नजर शहर से लेकर गांव गलियों तक होगी। इस दौरान हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

रंगों का पर्व होली शुक्रवार 14 मार्च को मनाया जाएगा। इसके पूर्व गुरूवार 13 मार्च की रात्रि में होली दहन होगा। इसको लेकर जिले का पुलिस महकमा पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के दिशा निर्देशन में होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने चाक चौबंद व्यवस्था बनाई गई है। जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत लगातार पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग कर हुड़दंगियों व संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बाइक पेट्रोलिंग से गांव-शहर की सकरी गलियों तक पुलिस की पहुंच रहेगी। जिले के सभी थाना चौकियों में चीता स्क्वायड बनाया गया है, जिसके द्वारा हुड़दंगियों करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जावेगी। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए महिला पुलिस बल को भी चीता स्क्वायड में रखा गया है। यह टीम लगातार पेट्रोलिंग कर हुड़दंगियों पर सख्त नजर रखेगी।





हुडगंदियों पर नजर रखने चीता व बाज पार्टी हुई मुस्तैद।

### डीजे बजाने वालों पर भी होगी कार्रवाई

होली पर डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। इनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार दोपहिया वाहन में तीन सवारी, मुखौटा लगाकर व शराब पीकर वाहन चलाने और शांति भंग करने वालो पर कार्यवाही की जाएगी।

### प्रभारी के साथ संबंधितों को मिली जिम्मेदारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले के थाना व चौकी क्षेत्रों में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। एएसपी उमेश कुमार कश्यप को संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके साथ ही 5 उप पुलिस अधीक्षक, 12 निरीक्षक, 10 उप निरीक्षक, 34 सहायक उप निरीक्षक, 48 प्रधान आरक्षक एवं 191 आरक्षक व महिला आरक्षकों की ड्यूटी लगाई है।

### फिक्स पाइंट चिन्हिंत

होली का त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण संपन्न हो, इसे हेतु जिले के थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत फिक्स पाईंट चिन्हांकित किया गया है, जिसमें जांजगीर क्षेत्रांतर्गत में 14, नैला में 3, चांपा में 9, बलौदा में 4, अकलतरा में 6, शिवरीनारायण में 4, मुलमुला में 2, पामगढ़ में 2, नवागढ़ में 3, बिर्रा में 3, बम्हनीडीह में 2, सारागांव में 2, पंतोरा में 1 कुल 55 फिक्स पाईंट बनाकर पर्याप्त मात्रा में बल की ड्यूटी लगाई है। पुलिस पेट्रोलिंग की उचित व्यवस्था पुलिस पेट्रोलिंग हेतु जांजगीर में 3, नैला में 2, चांपा में 2, अकलतरा में 2, मुलमुला में 2, बलौदा में 2, पामगढ़ में 2, शिवरीनारायण में 2, नवागढ़ में 2, बम्हनीडीह मे 1, बिर्रा में 1, सारागांव में 1, पंतोरा में 1 कुल 23 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जो क्षेत्र में निर्धारित बीट के अनुरूप सघन रूप से पेट्रोलिंग करेगें। चीता स्क्वायड की व्यवस्था पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों में विशेष निगाह एवं उन पर नियंत्रण हेतु चीता स्क्वाड के रूप में भी बल तैनात किया गया है, जिसमें जांजगीर में 5, नैला मे 3, चांपा में 5, अकलतरा में 5, शिवरीनारायण में 3, बलौदा में 1, नवागढ़ में 1, पामगढ़ में 1 कुल 25 चीता पार्टी को तैनात किया गया है। 5 उप पुलिस अधीक्षक, 12 निरीक्षक, 10 उप निरीक्षक, 34 सहायक उप निरीक्षक, 48 प्रधान आरक्षक एवं 191 आरक्षक व महिला आरक्षकों की ड्यूटी लगाई है।

### सौहाद्रपूर्ण होली मनाने की अपील

सौहाद्रपूर्ण होली मनाने एसएसपी विवेक शुक्ला ने जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति का गठन कर, शांति समिति की बैठक लेने, असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा सौहाद्रपूर्ण त्यौहार मनाने, कड़ी चौकसी रखने के निर्देश दिये है। जिला पुलिस प्रशासन ने लोगों से सौहाद्रपूर्ण होली मनाने, जबरिया रंग नहीं डालने, न ही जबरिया चन्दा वसूल करने, मुखौटे धारण कर किसी प्रकार अप्रिय हरकत नहीं करने, हानिकारक पदार्थों जैसे पेन्ट, किचड़, ग्रीस, नशापान नहीं करने, अश्लील शब्दों का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई है।



जनपद पंचायत के सामने पुलिस बल की तैनाती।

# ऐन वक्त पर टला जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव

### भाजपा-कांग्रेस दोनों के लिए खड़ी हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जनपद पंचायत सक्ती में 12 मार्च को आयोजित अध्यक्ष- उपाध्यक्ष का चुनाव एन मौके पर टल गया। दरअसल चुनाव को लेकर पहुंचे सदस्यों को सुबह 11 बजे यह पता चला कि जनपद पंचायत सक्ती मे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए नियुक्त किए गए पीठासीन अधिकारी अस्पताल में भर्ती है, इसलिए चुनाव टल गया है। खास बात यह है कि इसके पूर्व भी यहां चुनाव की तिथि विलंब से घोषित हुई थी।

जनपद पंचायत सक्ती में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव टलते जा रहा है। सक्ती जिले के चार जनपद में से तीन जनपद पंचायत में 4 मार्च को अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव हो गया है। तब यहां चुनाव की तिथि 12 मार्च को निर्धारित की गई थी। सूत्रों की माने तो संख्या बल के जोड़ घटाव के फेर में तिथि परिवर्तित हो रही है। हालांकि अफसरों का अपना अलग ही तर्क है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बहुमत का जादुई आंकड़ा प्राप्त करने भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दल के लोग लगे हुए हैं। बताया जाता है कि एक पार्टी ने जनपद सदस्यों को गोवा की सैर कराई, तो दूसरी ने अन्य स्थान पर सैर सपाटे के लिए भेजा था। राजनीतिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के पाले में 14 एवं भाजपा के पाले में 10 सदस्य बताए जा रहे है। बहरहाल स्थिति चाहे जो भी हो लेकिन पीठासीन अधिकारी के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 12 मार्च को आयोजित चुनाव स्थगित कर दी गई है और कलेक्टर अमृत टोपनो ने नई तारीख रविवार 23 मार्च को फिर से चुनाव कराने का आदेश जारी किया है। अबकी बार चुनाव अधिकारी एसडीएम सोम एवं सह प्रभारी नायब तहसीलदार को नियुक्त किया गया है।

#### किया गया है स्थगित

पीठासीन अधिकारी का एक्सीडेंट होने के कारण चुनाव स्थगित किया गया है। नए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए है। 23 तारीख को चुनाव कराया जाएगा।

**- अमृत टोपनो,**
कलेक्टर, जिला सक्ती






## खबर संक्षेप

### वाट्सअप में अभद्र टिप्पणी करने वाला शिक्षक निलंबित

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शास.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीपका विकासखण्ड कटघोरा के छात्राओं के द्वारा शिकायत की गई थी कि शाला में कार्यरत टेकराम जनार्दन, व्याख्याता (भूगोल) के द्वारा छात्राओं से गंदे तरीके से दुर्व्यवहार करने के साथ प्यार, रोमांस एवं बॉयफ्रेंड वाली बाते करते हैं। वाट्सअप में छात्राओं से गंदे गंदे टिप्पणी करते हैं एवं कक्षा में पढ़ाते समय छात्राओं के अंगो को गंदे तरीके से छूते हैं तथा प्रेक्टिकल में फेल करने की धमकी भी दिया गया है। शिकायत पर दो सदस्यीय जाँच दल गठित कर उक्त शिकायत की जाँच करायी गयी। जिसके अनुसार छात्राओं द्वारा की गई शिकायत की पुष्टि हुई है। शिक्षक जनार्दन का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत पाया गया और टेकराम जनार्दन को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन अवधि में मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में नियत किया है। इस दौरान निलम्बन अवधि में सम्बंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

### पीएम आवास के हितग्राहियों के घर पूर्ण कराएं : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि हितग्राहियों के आवास स्वीकृति के पश्चात उसे पूर्ण कराने की दिशा में कार्य करें। 15 मई से पूर्व हितग्राहियों के मकान पूर्ण हो जाये इसके लिए लगातार फील्ड में विजिट करें और हितग्राहियों, आवास मित्र से भेंट कर कार्यों का अवलोकन करें। उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंचों और सचिवों के सहयोग से प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को यह भी निर्देशित किया कि वे अपने जनपद अंतर्गत विभिन्न योजनाओं, सांसद-विधायक मद, समग्र विकास,डीएमएफ अंतर्गत कार्यों की जानकारी भी अवश्य रखे। फील्ड में जाने के दौरान ऐसे कार्यों की प्रगति की जानकारी लें। कलेक्टर ने पीएम आवास सहित अन्य कार्यों के आधार पर ही जनपद सीईओ के कार्यों का मूल्यांकन करने की बात कही। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को भी जनपद सीईओ के कार्यों के मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

### सचिव संघ ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सचिवों की कई समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। सचिव संघ कोरबा ने इन समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए जिला प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। इसमें मुख्य मांगें के अंतर्गत कोरबा जिले के पांचों जनपद पंचायतों में कार्यरत सचिवों में से जनपद पंचायत पोंड़ी-उपरोड़ा के सचिवों का लंबित वेतन 10 माह पूर्व भुगतान कर दिया गया है, जबकि कटघोरा, कोरबा, पाली एवं करतला में कार्यरत सचिवों का वेतन अब तक लंबित है। इसका शीघ्र भुगतान किया जाए। वेतन अंतर राशि अंतर्गत वर्ष 2012-13 से 2018 तक सचिवों के वेतन में जो अंतर रहा, उसकी राशि अब तक भुगतान नहीं की गई है।

### दो पक्षों में मारपीट मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस रोड कोरबा निवासी अमीन मेमन पिता स्व. हाजी इस्माइल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 मार्च की शाम लगभग 6:30 बजे उसे पता चला कि उसके पुत्र गुलाम मेमन के साथ कुछ व्यक्तियों के साथ मारपीट की जा रही है। सूचना पाकर जब अमीन पुराना बस स्टैंड कोरबा पहुंचा तब देखा कि उसका पुत्र गुलाम लहूलुहान सड़क पर पड़ा हुआ है। जिस पर अमीन मेमन अपने पुत्र को लेकर कोतवाली ला रहा था तब अशरफ़ मेमन, इमरान मेमन, अदनान अरमान साथ में इमरान का बड़ा पुत्र, इमरान का बड़ा साला सहित अन्य लोग आए और रास्ते में कोतवाली के पास अमीन के पुत्र गुलाम के साथ गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं चाक्रू से मारपीट किए।

# शहर के 15 स्थानों में चलने वाले पालना घर में नहीं पहुंच रहे बच्चे

## जिला मुख्यालय में सबसे पहले किया गया है शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से शहर के 15 स्थानों में शुरु किए गए पालना घर में पर्याप्त संख्या में बच्चे नहीं पहुंच रहे हैं तो वहीं पालना घर में सुविधाओं की दरकार बनी हुई है। कलेक्ट्रेट के जिला पंचायत परिसर में सबसे पहले पालना घर की शुरुआत हुई थी। जिसमें 5 से 6 बच्चे ही पहुंच रहे हैं।

जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट परिसर के साथ शहर के 15 रिहायशी इलाकों में पालना घर की शुरुआत आज से एक माह पूर्व प्रारंभ हुई थी। शुरुआती दौर में पालना घर संचालन के लिए महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से योजनाएं बनाई गई और पालना घर के लिए कार्यकर्ता की भर्ती भी हुई किंतु जिस उद्देश्य और तामझाम से पालना घर की शुरुआत हुई थी उसके तारतम्य में बच्चों की संख्या नहीं पहुंच रही है। कई ऐसे स्थान है जहां चल रहे पालना घर में ताला लगा रहता है। जाहिर है यहां बच्चे नहीं आ रहे हैं जिससे पालना घर की जानकारी आम लोगों तक नहीं होने की पुष्टि होती है। विभाग के द्वारा पालना घर तो खोला गया है लेकिन किन स्थानों में खोला जाना है, क्या क्या सुविधाएं रहेंगी ऐसा कोई भी प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। परिणाम स्वरुप जिस बस्ती में पालना घर चल रहे हैं वहां के निवासियों को इस विषय की जानकारी नहीं है और न ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका पालना घर के संबंध में आम लोगों को अवगत करा रही है। इतना ही नहीं विभाग के द्वारा किन किन स्थानों में पालना घर चल रहा है इसकी सूची भी सार्वजनिक नहीं की गई है केवल कलेक्ट्रेट की पालना घर की जानकारी आम लोगों को है। जिसमें जिला पंचायत में काम करने आने वाली महिला कर्मियों के बच्चों को रखा जाता है। जिनकी संख्या 5 व 6 बताई जा रही है। यहां बच्चों के खिलौने व अन्य सामान उपलब्ध करा दिए गए हैं।

**खास बातें**

- सुविधाओं का इंतजार है पालना घर को
- शहर की स्लम बस्तियों में चलाने का है प्रावधान



### गर्मी में सुविधाओं की रहेगी समस्या

गर्मी के दिनों में पालना घरों में सुविधा नहीं होना एक बड़ी समस्या रहेगी। पालना घर का निरीक्षण भी नहीं किया जा रहा है। हकीकत तौर पर पालना घर ऐसे स्थानों में चलाए जाने थे जो स्लम बस्तियों के क्षेत्र में आते हैं और वहां महिला पुरुष दोनों कामकाजी होते हैं। जिनके माता पिता सुबह से कार्य पर चले जाने के कारण उनके बच्चे घर में अकेले रहते हैं जिन्हें देखभाल की आवश्यकता रहती है ऐसे बच्चों को पालना घर में रखा जाता है किंतु जिन क्षेत्रों में पालना घर संचालित हो रहे हैं वे स्लम बस्ती के दायरे में नहीं आते हैं। कई स्थानों में स्लम बस्तियों में चलने वाले पालना घरों को खोजना पड़ेगा।

## करतली के प्रभावित ग्रामीणों का अंबिका खदान में धरना-प्रदर्शन

# बसाहट और रोजगार की मांग पर अड़े ग्रामीण, पांच दिनों से खनन कार्य बाधित



करतली खदान में प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझाते एसईसीएल के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल अंबिका खदान से प्रभावित ग्राम करतली के ग्रामीणों ने बसाहट व रोजगार की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। प्रभावित ग्रामीण पिछले पांच दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसकी वजह से खदान में कोल उत्खनन कार्य बाधित हो गया है। प्रबंधन व प्रशासन द्वारा आंदोलनरत ग्रामीणों को समझाइश का प्रयास किया जा रहा है, पर ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं।

एसईसीएल की अंबिका ओपन कास्ट खदान में कोल उत्खनन व डिस्पैच कार्य बाधित हो गया है। करतली के प्रभावित ग्रामीण पिछले पांच दिनों से बसाहट और रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को तहसीलदार सूर्य प्रकाश केसकर ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, कोई समझौता नहीं करेंगे। ग्राम करतली के सरपंच ज्योतिष के मुताबिक, पिछले 5 सालों से छोटे खातेदारों को रोजगार और मेगा प्रोजेक्ट के समान बसाहट की मांग की जा रही है। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने बताया है कि एसईसीएल की अलग-अलग खदानों में अलग-अलग पुनर्वास नीतियां हैं। दीपका, कुसमुंडा और गेवरा क्षेत्र में 15 लाख रुपए बसाहट राशि दी जा रही है। साथ ही भूविस्थापितों के लिए 5 लाख के टेंडर का भी प्रावधान है।

### प्रदर्शन और तालाबंदी की चेतावनी

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने चेतावनी दी है कि इस माह के अंत में हजारों भूविस्थापित बिलासपुर स्थित एसईसीएल मुख्यालय में प्रदर्शन और तालाबंदी करेंगे। यह आंदोलन करतली अंबिका प्रोजेक्ट, सराईपाली, कोरबा क्षेत्र और बरोद रायगढ़ क्षेत्र में भी चल रहा है।

# कोयला कामगारों को महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी का मिला तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के खदानों में कार्यरत कोल कर्मियों को महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी का तोहफा दिया गया है। कोयला कामगारों के महंगाई भत्ते में 1.2 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है। अब कोल कर्मियों को 21.3 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा, जिससे कोयला कर्मियों को न्यूनतम 370 से लेकर 2350 रूपये का लाभ मिलेगा।

कोल इंडिया ने कोयला कामगारों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी की है। कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत कोल कर्मियों को इसका लाभ मिलने जा रहा है। यह महंगाई भत्ता 1 मार्च से लागू होगा। कोयला कामगारों को 21.3 फीसदी परिवर्तनशील महंगाई भत्ता मिलेगा। यह 1 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। इसका आदेश कोल इंडिया ने जारी कर दिया है। पिछले तिमाही से 1.2. महंगाई भत्ता में वृद्धि हुई है। इससे कोयला कर्मियों के वेतन में न्यूनतम 370 रुपए से लेकर अधिकतम 2350 रुपए तक की वृद्धि प्रतिमाह होगी। करीब सवा दो लाख कोयला कामगारों को लाभ मिलेगा। कोल इंडिया के महाप्रबंधक, श्रम शक्ति एवं औद्योगिक संबंध ने इसकी जानकारी सभी अनुषंगी कंपनियों को दी है। नया वीडीए कोल इंडिया एवं सभी अनुषंगी कंपनी में लागू है। हर तीन महीने में कामगारों के वीडीए में संशोधन किया जाता है। वीडीए पर एटक के लखन लाल महतो ने कहा कि वीडीए की गणना वास्तविक महंगाई के अनुसार नहीं की जाती है।

**खास बातें**

- 1 मार्च से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का मिलेगा लाभ
- न्यूनतम 370 से 2350 रुपए की हुई है वृद्धि



फाइल फोटो

# कोरकोमा से कुदमुरा सड़क का होगा चौड़ीकरण, एडीबी से मिलेगा फंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जशपुर-रांची के लिए जाने वाली अंतर राज्यीय यात्री बसें झगरहा, कोरकोमा, कुदमुरा सड़क से गुजरती है जिनके खराब हालत को देखकर बरसात के दिनों में यात्री बसों का आवागमन कम हो जाता है। बरसात कारण पुल पुलियों की स्थिति भी खराब हो जाता है जिनसे हादसों का खतरा बना रहता है। उक्त सड़क की तस्वीर बदलने की तैयारी चल रही है। एडीबी से सड़क निर्माण के लिए फंड मिलेगा।

ग्रामीण क्षेत्र की छोटी सड़कों को पीएमजीएसवाई के तहत जीर्णोद्धार और नवनिर्माण किया जाता है इन सड़कों में झगरहा से कोरकोमा एवं कुदमुरा होते हुए जशपुर रांची जाने वाली सड़क भी शामिल हैं। जिनके नवनिर्माण और जीर्णोद्धार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। वर्तमान में कोरकोमा, बताती, पसरखेत तक पीएमजीएसवाई के द्वारा सड़क निर्माण किया गया था। जिनकी चौड़ाई कम होने के कारण दो वाहनों का एक साथ गुजरना मुश्किल हो जाता है।

**खास बात**

- अंतर्राज्यीय बसों का प्रतिदिन होता है गुजरना

### पूर्व में लोनिवि करता था सड़क का निर्माण

पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख सड़कों का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाता था। कोरकोमा सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया गया था बाद में इसे पीएमजीएसवाई के हैंडओवर किए जाने के बाद जीर्णोद्धार और नवनिर्माण कार्य पीएमजीएसवाई के जिम्मे थी किंतु फंड की कमी के कारण पीएमजीएसवाई भी सड़क निर्माण को लेकर वह काम नहीं कर सकी। जिसकी आवश्यकता महसूस हो रही थी।

# एसबीआई एटीएम में पैसे नहीं होने से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा नगर में एसबीआई एटीएम में पैसे नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। होली का त्यौहार नजदीक है, इसके बाद भी एसबीआई एटीएम में पैसे नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कैश के लिए उपभोक्ता दिन भर एक से दूसरे एटीएम का चक्कर लगाते हैं, फिर भी उन्हें कैश नहीं मिल पाता है। ग्राहकों की सुविधा के लिए लगे एटीएम बिन पैसा सफेद हाथी साबित हो रहे हैं।

लोगों को अपनी जरूरतों के लिए कैश नहीं मिल पाने से परेशानी हो रही है। होली के त्यौहार के लिए लोगों को पैसे की जरूरत है, लेकिन एटीएम में पैसे नहीं होने से वे परेशान हो रहे हैं। कुसमुंडा नगर के निवासी रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि उन्हें अपनी पत्नी के इलाज के लिए पैसे की जरूरत है, लेकिन एटीएम में पैसे नहीं होने से वे परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस समस्या का समाधान करना चाहिए।



कुसमुण्डा में एसबीआई का एटीएम।

कुसमुंडा नगर के एसबीआई शाखा प्रबंधक ने बताया कि एटीएम में पैसे नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए काम कर रहे हैं।

### नवसाक्षर परीक्षा की दी गई जानकारी

**कोरबा।** जिला परियोजना अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड करतला के बीआरसी सहित समस्त सीएससी की बैठक लेकर उन्हें उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत 23 मार्च को आयोजित होने वाले नवसाक्षर परीक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं दिशा निर्देश प्रदान किया गया।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**कोरबा।** हत्या के मामले में एक आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर आजीवन कारावास व 2 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिंडौलभांठा निवासी रामेश्वर बंजारे पिता बंशीराम बंजारे ने घटना दिनांक को फिरंगी राम बंजारे जो लीलागर नदी में बन रहे पुल निर्माण में चौकीदारी का करने गया था वहीं किनारे खेत में बने तम्बू के पास आराम कर रहा था तभी रामेश्वर बंजारे उर्फ फिरंगी मौके पर पहुंचा और उसके साथ गाली गलौच करते हुए लोहे के खाट में लगे पाईप में उसके सिर को ठेस दिया जिससे मृतक फिरंगी लाल को गंभीर चोटें आयी जिसे उपचार के लिए पीएचसी हरदीबाजार ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी रामेश्वर बंजारे के खिलाफ धारा 302, 294, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं अन्य साक्षियों के साक्ष्य के दौरान आये तथ्यों के आधार पर आरोपी रामेश्वर बंजारे को धारा 302 के आरोप में दोषसिद्ध कर आजीवन कारावास एवं 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।


**आम सूचना**

यह आम सूचना प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम कुरियारी तहसील शिवरीनारायण जिला-जांजगीर-चाम्पा छ.ग. में अवस्थित भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 316, 505, 1178/1, 1178/2, 1292, 1466, 1547, 1609/2, 1611/1, 1611/2, 1611/3, 1611/5, 1613, 1648/1, 1786/1, 1787/2, 1814, 2257 कुल खसरा नम्बर 18 रकबा क्रमशः 0.3840, 0.1940, 0.1780, 0.1780, 1.0270, 0.8490, 0.3240, 0.4210, 0.1700, 0.1210, 0.1210, 0.1620, 0.0890, 0.0170, 0.0360, 0.0400, 0.0400,0.4050 हेक्टेयर तथा ग्राम तेंदुआ तहसील शिवरीनारायण जिला- जांजगीर-चाम्पा में अवस्थित भूमि खसरा नम्बर 3/2, 3/21, 6, 7/2, 8 कुल खसरा नम्बर 5, रकबा 2.4280, 0.6880, 0.1090, 0.4090, 1.8540 कुल रकबा 5.4880 हेक्टयर अवस्थित है, के संबंध में मेरे द्वारा न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी नवागढ़ के समक्ष एक व्यवहार वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा, स्थायी व्यादेश, शेयर की घोषणा तथा विभाजन हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है, जो व्यवहार वाद क्रमांक 38/2024 पक्षकार नीरज वगैरह विपक्ष राजेन्द्र प्रसाद+ अन्य 13 के रूप में दर्ज है, जिसकी सुनवाई दिनांक 13.03.2025 को है। उक्त भूमि को राजेन्द्र कुमार शर्मा आत्मज स्व. रामगोपाल शर्मा ग्राम कुरियारी के द्वारा गलत रूप से विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, मेरे सहमति के बिना उक्त व्यवहार वाद क्रमांक 38/2024 के लम्बनकाल में उक्त भूमि का विक्रय किया जाता है तो वह मुझ पर बंधनकारी नहीं होगा तथा किसी भी व्यक्तियो के द्वारा किया गया विक्रय पत्र स्वंय में शून्य एवं अवैध होगा जिसके आधार पर क्रेता को कोई स्वत्व एवं अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

यह आम सूचना सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया गया।

दिनांक

भवदीय
नीरज तिवारी
पिता स्व. छेदीलाल तिवारी
निवासी ग्राम तेदुंआ तहसील-शिवरीनारायण
जिला-जांजगीर-चाम्पा छ.ग.



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**उपस्थिति सूचना**

अपील रा.प्र.क्र. /अ-27/2019-20
ग्राम-दर्शभाठा तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.)

ग्राम निर्मल कुमार पिता स्व. धनीराम खुटें सभी निवासी दर्राभाठा तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) हाल मुकाम गंगा श्री सदन चुनी सिंह तालाब के सामने सीपत रोड राज किशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.) ............... अपीलार्थी

**बनाम**

01- भूरीबाई पति स्व. धनीराम खुटें
02- शोभा पिता स्व. धनीराम खुटें
03- राखी पिता स्व. धनीराम खुटे
04- प्रमोद पिता स्व. धनीराम खुटें

सभी ग्राम निवासी दर्राभाठा तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) हाल मुकाम गंगा श्री सदन चुनी सिंह तालाब के सामने सीपत रोड़ राज किशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.) .......... उत्तरवादीगण

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम दर्राभाठा तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी निर्मल कुमार पिता स्व.धनीराम खुटें सभी निवासी दर्राभाठा तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) हाल मुकाम गंगा श्री सदन चुनी सिंह तालाब के सामने सीपत रोड़ राज किशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा तहसीलवार जैजैपुर के रा.प्र.क्र. 37/अ-27/2018-19 पक्षकार भूरी बाई वगै. बनाम निर्मल कुमार में पारित आदेश दिनांक 30.06.2020 के विरूद्ध क्षुब्ध होकर अपील प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में प्रस्तुत अपील प्रकरण उत्तरवादीगण की उपस्थिति के लिए नियत है। इस उपस्थिति सूचना के माध्यम से उत्तरवादीगण क्र 03- राखी पिता स्व. धनीराम खुटे की उपस्थिति हेतु नियत हैं। इस उपस्थिति सुचना के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 17/04/25 को लिंक कोर्ट जैजैपुर में उपस्थित होकर अपना जवाब / दावा प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की स्थिति में आप के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 06/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन शील मुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)**



**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)

- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

दंत रोग विभाग

- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग — 24/7 EMERGENCY SERVICES

- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661


जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं:
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।


## लाइफ Style

# अदा
## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला





# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

## टीवी मसाला


# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।



## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज
## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*



***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बनी। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



***मुंबई।*** *विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गई। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता



बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर'के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी ज़िंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

12 MARCH-JANJ PG-04_Layout 1 3/12/2025 9:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### किशोरावस्था स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में किया गया जागरूक

**सक्ती।** शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ती के यूथ रेड क्रॉस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग जिला सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में 11 मार्च को महाविद्यालय के सभागार में निःशुल्क किशोरावस्था स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सुभारंभ समस्त अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ के द्वारा स्वागत किया गया। महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस प्रभारी श्रीमति ऋतु पटेल द्वारा स्वागत भाषण एवं यूथ रेड क्रॉस का संछिप्त परिचय दिया गया। डॉ. अतीक शेख , आयुष चिकित्सा अधिकारी सीएचसी सक्ती द्वारा किशोरावस्था स्वास्थ्य एवं बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। तत्पश्चात यूथ रेड क्रॉस वॉलेन्टियर्स को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। अंत मे महाविद्यालय के प्राचार्य डा डी पी पाटले द्वारा समस्त अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक गणों को सफल कार्यक्रम आयोजन की शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम मे नेत्र परीक्षण, आयुष्मान कार्ड एवं सिकल सेल परीक्षण किया गया। उक्त कार्यक्रम मे लगभग 70 विद्यार्थी एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो. महेंद्र यादव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य, आईक्यूएसी प्रभारी प्रो. अजय देवगन, यूथ रेड क्रॉस प्रभारी, समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### सौर ऊर्जा से नवाचार करते हुए पर्यावरण मित्र विद्युत का हो रहा उत्पादन



**अकलतरा।** प्रधान मंत्री सूर्य घर योजना से विद्युत उत्पादन के परंपरागत तरीकों में परिवर्तन की एक बड़ी क्रांति आ सकती है। कोयला के भंडारण और उत्पादन की अपनी एक सीमा है। बिजली उत्पादन के इस श्रोत से प्रकृति के साथ साथ मानव और वन्य जीवो पर भी इसका बड़ा बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार की सूर्य से बिजली उत्पादन में सब्सिडी की योजना से आम आदमी चाहे तो शहरी विद्युत ग्राहक या ग्रामीण दोनों सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन में रुचि ले रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम तरौद में अविनाश सिंह चंदेल के घर में वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा सोलर पैनल इंस्टॉल कर सीएसपीडीसीएल के अधिकारी ए ई शबी एल जांगड़े द्वारा सिंक्रोनाइज कराया गया। पीएम सूर्य घर योजना जिला जांजगीर चांपा चांपा के नोडल अधिकारी महेश जायसवाल ने बताया कि इसी तरह आम जनता में सोलर ऊर्जा के प्रति जागरूकता रही तो लक्ष्य जल्दी ही पूर्ण होगा ।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ का शुभारंभ आज से

**बिर्रा।** स्थानीय दाऊमुहल्ला कश्यप निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ 13 मार्च गुरुवार से शुरू होगा। कथावाचक आचार्य देवकृष्ण महराज होंगे। 13 मार्च गुरुवार कलशयात्रा वेदीपूजन महात्म्य को कथा प्रारम्भ होगा। 14मार्च शुक्रवार अवतार वर्णन परीक्षित शाप 15 मार्च शनिवार को कपिल उपाख्यान नरसिंह कथा 16 मार्च दिन रविवार वामन अवतार श्री राम प्राकट्य 17मार्च सोमवार बाल लीला गोर्वधन महारास 18मार्च मंगलवार कंस वध रक्खमणी मंगल 19मार्च बुधवार सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष 20मार्च गुरूवार हवन सहस्त्रधारा के साथ कथा का विराम होगा। आयोजक परिवार ने सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करने की अपील की है।



## होली त्यौहार को लेकर फिर जागा खाद्य सुरक्षा विभाग

# होटल रेस्टोरेंट में शुरू हुई जांच 91 खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम एक बार फिर जागृत हुई है। टीम ने होटल रेस्टोरेंट एवं मदिरा दुकानों की जांच पड़ताल की। इस दौरान 91 खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया गया है। जिनमें से जांच के दौरान 7 खाद्य पदार्थ अमानक पाया गया, जिस पर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही साथ एक्सपायरी सामान पाए जाने पर उसे नष्ट भी कराया गया है।

गौरतलब है कि रंगों का त्यौहार होली शुक्रवार 14 मार्च को मनाया जाएगा इसके पूर्व होली त्यौहार को लेकर कई दुकानदार होटल रेस्टोरेंट एवं मदिरा दुकानों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कर दे रहे हैं। जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा होटल रेस्टोरेंट किराना दुकान एवं अन्य संस्थाओं की जांच पड़ताल की जा रही है। इसी कड़ी के तहत विभाग की टीम द्वारा टोटल 91 खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया गया। जांच के दौरान 7 खाद्य पदार्थ अमानक पाया गया जिस पर कार्यवाही की गई है। वही एक्सपायरी सामान पाए जाने पर उसे नष्ट भी कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार वीआर साहू जलपान गृह में राहौद में पेड़ा का सैंपल, चाहत स्वीट्स पामगढ़ से रसगुल्ला एवं बर्फी का सैंपल, होटल सुमित चांपा से पनीर का सैंपल ऋत रेस्टोरेंट चांपा से बिरयानी एवं चिप्स का सैंपल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। इसी तरह देसी मदिरा दुकान राहत से देसी शराब का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती अपर्णा आर्य के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा चलित प्रयोगशाला के माध्यम से डेरी पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर उसे प्रयोगशाला मशीन के माध्यम से जांच पड़ताल किया जा रहा है। बताया गया कि आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी। साथ ही साथ एक्सपायरी सामान पाए जाने पर उसे तत्काल नष्ट करने की कार्यवाही भी की गई है।



होटल में खाद्य पदार्थो की जांच करते अफसर।

**की जा रही कार्यवाही**

विभाग की टीम द्वारा होटल रेस्टोरेंट एवं मदिरा दुकान सहित अन्य संस्थाओं की जांच पड़ताल की जा रही है अब तक 91 सैंपल खाद्य पदार्थों के लिए गए है। इनमें 7 सैंपल जांच के दौरान अमानक पाए गए हैं। जिस पर कार्वाई की गई है।

-श्रीमती अपर्णा आर्या,
खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जांजगीर चांपा

# हाथकरघा कला के पारंपरिक गौरव को पुर्नजीवित करने समर्पित है कोसाला

## शिल्प उन्नति समारोह में उत्कृष्ट बुनकर हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाथकरघा कला के पारंपरिक गौरव को पुर्नजीवित और पुर्न स्थापित करने के उद्देश्य से संचालित कोसाला लाइवलीहुड एवं सोशल फाउंडेशन द्वारा शिल्प उन्नति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुशल बुनकरों को सम्मानित किया गया।

बुधवार 12 मार्च को चांपा के निजी होटल में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कोसाला लाईवलीहुड एंड सोशल फाउंडेशन की सीईओ श्रीमती नीता शाह ने कहा कि इस वर्ष का आयोजन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि कोसाला कारीगर शिल्प उन्नति योजना के तहत, हम अपने कारीगरों की समूह टर्म जीवन बीमा योजना में नामांकित करके उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। कोसाला और उनके शिल्प के प्रति बुनकरों के समर्पण का सम्मान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह योजना सामाजिक सुरक्षा, योग्य कारीगरों के लिए वार्षिक प्रोत्साहन और कारीगरों को उनके शिल्प के सच्चे संरक्षक के रूप में अधिक दृश्यता सहित विभिन्न लाभ प्रदान करता है। इस पहल का उद्देश्य बुनकरों को कोसाला के मूल्यों का पालन करने और उन्हें संरक्षित करने के लिए उनकी अनुकरणीय प्रतिवद्धता के लिए सम्मानित करना है। कार्यक्रम के दौरान, कोसाला के तीन बुनकरों को वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए प्रतिष्ठित कौसाला भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के एमडी और कोसाला लाइवलीहुड एंड सोशल फाउंडेशन के सलाहकार देवाशीष घोष द्वारा बुनकर सेवा केंद्र रायगढ़ के महायक निदेशक आर. एस. गोखलेः छत्तीसगढ़ राज्य रेशम उत्पादन विभाग रायगढ़ के उप निदेशकमनीष पवार, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के गारे पाल्मा कोल माइंस के एचआर हेड प्रेम कुमार सिंह, जिन्टियो के एसोसिएट पार्टनर वैभव दोशी और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के सलाहकार सुशांत कुमार गुरु की उपस्थिति में प्रदान किए गए। शिल्प उन्नति समारोह में एक विशेष प्रस्तुति कोसा से कृति कोसा से सृजन और विशेषज्ञ तक की यात्रा भी प्रस्तुत की गई, जिसमें कोसा रेशम की कला और इसके विकास को दर्शाया गया। इस प्रस्तुति ने कोसा रेशम के निर्माण की कला को उजागर किया। इस पहल का उद्देश्य बुनकरों को कोसाला के मूल्यों का पालन करने और उन्हें संरक्षित करने के लिए उनकी अनुकरणीय प्रतिवद्धता के लिए सम्मानित करना है। इसी बीच, कार्यक्रम में चंद्रपुर के छोटू देवांगन और उनकी टीम द्वारा एक लोक संगीत प्रस्तुति भी दी गई। इस मौके पर कोसाला परिवार के सदस्य और बुनकर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



समारोह में शामिल फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं अन्य।

# नशामुक्ति रैली व नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम महमंदपुर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली व नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आंदन मिरी, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव, सीता टण्डन, सरपंच खोलबहरीन कंवर, उपसरपंच महारानीबाई, वेल विशर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम की महामाया देवी की पूजा अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई और ग्राम भ्रमण कर लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव ने कहा कि मेरी पहाड़ चढ़ने की शुरुआत दलहा पहाड़ से ही हुआ, मुझे बहुत संघर्ष झेलना पड़ा, मेरे पापा ऑटो चालक थे, इन सब कठिनाइयों के बाद भी मैंने हिम्मत नही हारी और आज अपने सपनो को पूरा किया। नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आंदन मिरी ने कहा कि शिक्षा ही एक मात्र विकल्प है। मैने भी उच्च शिक्षा कर 15 साल इंजीनियर के रूप में कार्य किया है, फिर लोगों की सेवा करने राजनीत क्षेत्र में आयी हूं। सीता टंडन ने महिलाओ से कहा कि हमे अपने अधिकार के बारे में सजग रहना चाहिए और उनका उपयोग करना चाहिए, साथ ही अपने बुजुर्गों की हमेशा सेवा करना चाहिए, वेल विशर फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने कहा कि नारी यदि ठान ले तो कुछ भी कर सकती है, कार्यक्रम को सरपंच व उपसरपंच व संस्था के गौतम साहू, मोहन कश्यप ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान गांव में निःशुल्क बच्चों को कोचिंग देने वाली भारती, बरगवां में शिक्षा के लिए कार्य कर रही जागृति और महमंदपुर में नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही मालतीबाई कंवर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा व आभार दीपक साहू ने किया।



### बोलेगा बचपन में प्रियंका को मिला प्रथम स्थान

**बिर्रा।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा बोलेगा बचपन प्रारम्भ कराया गया। जिसके तहत विनोबा ऍप्स में पोस्ट करने हेतु सभी शिक्षक शिक्षका को प्रेरित किया गया। इसमें प्रतिदिन बच्चों को प्रार्थना के समय बोलेगा बचपन एवं गतिविधि कराकर विनोबा अप्पा में ऑनलाइन पोस्ट करना है इसी कड़ी में बम्हनीडीह ब्लाक के संकुल बिर्रा से एम. डी. दीवान विकासखंड शिक्षा अधिकारी एच. के. बेहार, बीआरसी बम्हनीडीह एवं रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल बिर्रा के मार्गदर्शन में शानप्रा शा संजयनगर बिर्रा से श्रीमती प्रियंका मनहर सहायक शिक्षिका को बोलेगा बचपन विनोबा ऍप्स में लगातार पोस्ट करने के लिए फरवरी माह के लिए जांजगीर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किये है। रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा द्वारा बच्चों से चर्चा की गई।

# कुछ करने का जज्बा और जूनून है तो हो सकते हैं सफल : गबेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

अगर कुछ करने का जज्बा और जुनून हो, तो किसी भी काम में सफल हो सकते हैं , फिर चाहे बचपन में देखे गए सपने ही क्यों न हो, उसे भी पूरा किया जा सकता है, ऐसी ही कहानी एक युवक की है, जिसने बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना देखा और उसे अपनी मेहनत के बदौलत पूरा करने में सफलता हासिल हुआ है। कलमी मिशन चौक निवासी प्रकाश गबेल व श्रीमती संजू गबेल के सुपुत्र कबीर अपनी एमबीबीएस की डिग्री स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से हासिल की है। कबीर की प्राथमिक स्तर की पढ़ाई ग्रामीण क्षेत्र मालखरौदा तो वही हायर सेकंडरी की पढ़ाई विकाश रेजिडेंशल स्कूल बरगढ़ उड़ीसा में संपन्न हुआ है। डॉ कबीर गबेल बचपन से ही अपने क्लास के टॉपर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें चिकित्सा अधिकारी के रूप में 2 वर्षों के लिए ग्रामीण सेवा देने का प्रस्ताव दिया गया है। ऐसे मेंनई जगह में जाकर लोगों के बीच उनके सेवा करने का एक अलग अनुभव मिलेगा ।



# ब्राम्हण नारी नवचेतना मंच द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम 30 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच, जांजगीर द्वारा 30 अप्रैल को सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जाएगा। ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव 30 अप्रैल एवं अक्षय तृतीया के पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला जांजगीर में आयोजित किया जाएगा।

ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों की मासिक बैठक डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा के निवास स्थान में आयोजित की गई। समिति के वरिष्ठ सदस्य वीना शर्मा ने बताया कि विगत 12 वर्षों से ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच द्वारा उपनयन संस्कार के साथ साथ अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम किये जा रहे है। डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि बटुकों को सफेद एवं पीली धोती, गमछा,टोपी , पूजन सामग्री ,नाश्ता एवं भोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्य नीरा शर्मा,सीता पाण्डेय, जयंती दुबे, बीना दुबे, अनुराधा शुक्ला, आशा दुबे, नम्रता शर्मा से संपर्क कर पंजीयन करवा सकते है।



# 40 साल के बाद आंख की जांच अस्पताल में कराना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

कांचियाबिंद दृष्टि को चोरों की तरह चुरा लेता है ग्लूकोमा आंखों की बीमारी है जिसमें आंखों की रोशनी एक बार चली जाती है तो उसे दोबारा लौटा नहीं सकते हैं । इस बीमारी में आंखों की नस अर्थात आप्टिक नर्व में छती पहुंचती है जिसका मूल कारण आंखों के अंदर का बढ़ता हुआ दबाव है। विश्व भर में ग्लूकोमा सप्ताह मार्च के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेश साहू के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर चांपा डॉक्टर वंदना सिसोदिया के दिशा निर्देश पर विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर नवागढ़ में ग्लूकोमा दिवस मनाया गया, डॉ नरेश साहु ने कहा प्रारंभिक अवस्था में ग्लूकोमा का कोई लक्षण नेत्र में दिखाई नहीं पड़ता है इसलिए 40 साल के उम्र बाद आंख का जांच अस्पताल में करना अनिवार्य है। नेत्र सहायक अधिकारी रामगोपाल आदिले ने कहा हमारे छत्तीसगढ़ के 2 करोड़ की जनसंख्या में एक अनुमान के अनुसार लगभग ढाई लाख की जनसंख्या कांचियांबिंद से पीड़ित है जिसमें लगभग 39 हजार जनता पूर्ण रूप से कांचियाबिंद के कारण अंधत्व का शिकार हो चुकी है इसलिए इस भयंकर सामूहिक समस्या से निजात पाने के लिए हर छःमहिने में प्रारंभिक जांच अस्पताल जाकर अपना नेत्र परीक्षण अवश्य कराना चाहिए । इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के सीनियर नेत्र सहायक अधिकारी श्रीमती अंबिका कांत, डां. विशाल खन्ना,योगेश तिवारी, चेतना साहु, नर्सिंग सिस्टर मंजूला आसना, लक्ष्मी नारायण पांडेय, कामिनी सिदार, कविता सिदार, नंदकुमार बनर्जी,बहोरीक पंकज, शशीप्रभा लदेर, रितु यादव एवं बड़ी संख्या में मरीज उपस्थित थे।



विश्व ग्लूकोमा सप्ताह कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ।

# देश हित के लिए जीना एवं मरना सौभाग्य की बातः प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

**खास बातें**

- शहादत दिवस पर मनोज कुमार की प्रतिमा पर दी गई आदरांजलि

ग्राम कुम्हारीकला के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अपनी सेवा के दौरान शहीद मनोज कुमार बरेठ की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गई। 11 मार्च 2014 को सुकमा के तोगपाल में नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपने प्राण मातृ भूमि की सेवा में अर्पित कर दिए थे वह सीआरपीएफ 80 बटालियन के वीर जवान रहे इस शहादत दिवस में समस्त ग्रामवासी आसपास के राष्ट्रभक्ति कार्यकर्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया।

विवेकानंद प्रसाद सहायक कमांडेंट बिलासपुर अशोक कुमार इंस्पेक्टर बिलासपुर एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सिपाहियों की उपस्थिति रही। समस्त ग्रामवासी गणमान्य नागरिक एवं पास ही के विद्यालय के बच्चों ने पुष्पांजलि अर्पित किया । श्रद्धांजलि उपरांत शहीद मनोज कुमार के परिजनों का सम्मान किया गया उनके माता-पिता, पत्नी , भाई रमेश कुमार बरेठ उदबोधन में अरविंद तिवारी ने कहा गौरव का पल है एवं आदरांजलि का रिन हमें सदैव याद रहे रहना चाहिए। अशोक कुमार ने कहा सभी को यह दिन याद रखते हुए मन में देशभक्ति भावना रखना हैं। विवेकानंद प्रसाद ने कहा देश हित जीवन जीना एवं देश हित प्राणोंत्सर्ग सौभाग्य की बात होती है। हम देश की सीमा सरहद एवं अंतरिक सुरक्षा में लगे होते हैं हम सभी परिस्थितियों में डटे रहते हैं हम चाहते हैं कि शहीद की शहादत अनुकरणीय है। एक दिन 11 मार्च को श्रद्धांजलि देने शहीद मनोज कुमार जी की प्रतिमा स्मारक के स्थान पर उन्हें आदरांजलि देते हैं। यह प्रेरणा का दिवस भी है ,हम अपने भारत माता की सेवा में सदैव लगे रहे और आगे भी देश सेवा में अपने बच्चों को प्रेरित करें। शहीद परिवार के प्रति सदैव आदर सम्मान बना रहे एवं उनके परिवार के साथ खड़े रहे। इस कार्यक्रम में ग्राम के ज्येष्ठ गणमान्य नागरिक साधुवाद हैं उन्हें। ग्राम सरपंच राजेश चौहान, बुधराम बरेठ, प्यारेलाल केवट, दिलीप कुमार बरेठ, आशुतोष बरेठ,श्याम साहू, शिव यादव सुखेन्द बरेठ, प्रवीण कुमार ,प्रकाश, रोहित, देवेंद्र, घनश्याम बरेठ इंद्र कुमार ,रामविलास, बाराद्वार से अरुण शर्मा, अरविंद तिवारी, ग्राम कड़ारी से अशोक साहू ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया ।



शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोग।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411